आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक, रक्षा मंत्री समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने भी लिया हिस्सा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया और गोरखपुर में किया विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास, कहा प्रदेश के पंद्रह लाख चिन्हित लोगों को दिया जाएगा सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ।
- श्री रामलला मंदिर के परकोटे में बने छह मंदिरों में आज से शुरू होगा मूर्ति स्थापना का काम, पांच जून तक स्थापित हो जाएगा राम दरबार।
- सीआईएससीई द्वारा आज घोषित किये जाएंगे दसवीं और बारहवीं परीक्षा के परिणाम।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री आवास पर कल एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे। इसके बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी प्रधानमंत्री से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।

इसी माह बाईस अप्रैल को कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके के बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने प्रदेश के कानपुर जिले के शुभम द्विवेदी समेत देश के अन्य राज्य से जुड़े छब्बीस लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई प्रतिबंध लगा दिये हैं और पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश में वापस भेजा जा रहा है। साथ ही आतंकियों के तलाश के लिए युद्धस्तर पर अभियान भी चलाया जा रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देवरिया में छह सौ छिहत्तर करोड़ रुपये की पांच सौ एक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जीरो पावर्टी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इसके तहत प्रदेश के पंद्रह लाख लोगों को चिन्हित किया गया है जिन्हें सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा।

**सरकार में जीरो पावर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाये हैं हर गांव के उस गरीब को दलित को वंचित को अति पिछड़ी जाति के हर एक उस व्यक्ति को हर गरीब को जिसको अब तक कोई सुविधा नहीं मिली है उन सभी लोगों को सरकार की सभी प्रकार की सुविधाओं से जोड़ने के लिये जिसके पास पक्का मकान नहीं होगा, मकान हम देंगे जिसको पेंशन की सुविधा नहीं मिलती उसको पेंशन की सुविधा से जोड़ेंगे जिसके पास राशन कार्ड नहीं उसे राशन कार्ड देंगे।**

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री कल ही गोरखपुर दौरे पर भी पहुंचे। उन्होंने गोरखपुर के चरगावां में नौ करोड़ नवासी लाख रुपए की लागत से दो सौ टीपीडी क्षमता के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया। साथ ही स्वच्छता से जुड़े वाहनों को हरी झंडी दिखाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर उत्कृष्ट प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सत्तर तक भारत कार्बन उत्सर्जन को शून्य तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

**********

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कल अम्बेडकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की। श्री पाठक ने कहा कि अम्बेडकरनगर के लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**कई अस्पतालों में जो दिक्कते है उनको दूर करने के निर्देश दिये है और यहां के जो एडी महोदय है अयोध्या मंडल के उनसे सभी अस्पतालों की गहन समीक्षा करके रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी है और आजकल हम पूरी तरह से फायर सेफ्टी आडिट करा रहे है वो काम चल रहा है। सबकी आडिट रिपोर्ट भी हमने मांगी है सभी अस्पतालों पीएचसी, सीएचसी डिस्टिक हास्पिटल मेडिकल कॉलेज से आडिट रिपोर्ट मांगा है।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भुषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति अगले महीने की चौदह तारीख से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति गवई देश के बावनवें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

**********

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कल दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे । उन्होंने कुंदनगंज में सोलर रूफ टॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत कांग्रेस सांसद कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा बैठक में शामिल हुए। रायबरेली दौरे के पहले दिन उन्होंने लालगंज स्थित रेल कोच फैक्टरी का भ्रमण किया और बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक भी की।

**********

अयोध्या में श्री रामलला मंदिर के मुख्य शिखर पर कल बयालिस फुट ऊंचा ध्वज दंड स्थापित किया गया। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर परकोटे में बने छह मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना का काम आज से शुरू होगा। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है।

**भगवान राम सीता जी, उनके भ्राता हनुमान जी की स्थापना तेईस मई को होगी। हर कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। तेईस मई एक शुभ दिन है जिस दिन की वह मूर्तियां अयोध्या में पधारेंगी और अपने गर्भगृह में उन्हें पर छाया जाएगा और पांच जून को राम दरबार हमारी आस्था और धार्मिक जो कार्यक्रम होंगे, उसके अनुसार वहाँ पर भगवान विराजित हो जाएंगे।**

**********

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज से शुरू हो रही है। यात्रा की शुरुआत उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ होती है। वहीं, रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ मंदिर के कपाट दो मई को और चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलेंगे।

चारधाम यात्रा के उद्घाटन का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण जाएगा। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण आज सुबह दस से ग्यारह बजे तक और यमुनोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक होगा। कपाट खुलने की प्रक्रिया का सीधा प्रसारण आकाशवाणी के इंद्रप्रस्थ, एफएम गोल्ड और आराधना चैनल के साथ–साथ न्यूज ऑन ए आई आर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा।

**********

लखनऊ हवाई अड्डे से चौदह मई तक बीस उड़ानें यात्रियों को हज के सफर पर लेकर जायेंगी। राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए हज हाउस में ही सऊदी रियाल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**एसबीआई काउंटर से हज यात्री भारतीय रुपए के बदले सऊदी रियाल ले सकते हैं। इसके लिए हज यात्रियों को पासपोर्ट की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैनकार्ड की छायाप्रति, हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट से वर्तमान स्टेट्स का प्रिंट आउट काउंटर पर देना होगा। हज यात्री 2100 सऊदी रियाल लेने के लिए 50 हजार रुपए सीधे कैश जमाकर सकते हैं। हांलाकि 2100 से अधिक सऊदी रियाल लेने के लिए भारतीय स्टेट बैंक में खाता होना अनिवार्य है। हज यात्रा 2025 में लखनऊ एम्बारकेशन से तकरीबन छह हजार यात्री हज के लिए प्रस्थान करेंगे। पूरे प्रदेश से 13500 यात्री हज पर जा रहे हैं। लखनऊ जिले से हज पर जाने वालों की संख्या करीब 600 है। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

**********

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन–सीआईएससीई आज सुबह 11 बजे आईसीएसई–कक्षा 10वीं और आईएससी–कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित करेगा। बोर्ड ने इसे लेकर एक सूचना अपने अधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। जो छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे, वे सीआईएससीई डॉट ओआरजी पर अपने परिणाम देख सकेंगे।

**********

बस्ती की एमपी एमएलए कोर्ट ने 22 साल पुराने एक मामले में पूर्व विधायक समेत छह लोगों को तीन साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी को दोषी मानते हुए जेल भेजने का आदेश दिया है।

3 दिसंबर 2003 को विधान परिषद चुनाव की मतगणना के दौरान तत्कालीन डीएम से हुई कथित अभद्रता के मामले में प्रशासन ने पूर्व विधायक संजय जायसवाल, पूर्व विधायक आदित्य विक्रम सिंह और सपा प्रत्याशी कांचना सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

**********